यूनानी चिकित्सा पद्धति उपयोगी है : सराफ

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री कालीचरण सराफ ने कहा है कि यूनानी चिकित्सा पद्धति भी अत्यंत उपयोगी चिकित्सा पद्धति है। उन्होंने बताया कि यूनानी चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सराफ रविवार को [illegible] भवन में आयोजित यूनानी दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति में कार्यरत चिकित्सकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। चिकित्सा मंत्री का यूनानी चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डॉ. [illegible] ने स्वागत किया एवं संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूनानी चिकित्सा निदेशक सहित राजस्थान से आए यूनानी चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद थे।

सेवानिवृत्त कार्मिकों का अभिनंदन किया

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री कालीचरण सराफ ने रविवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में 80 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मियों का अभिनंदन किया। सराफ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करने में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने हाल ही में सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों का भी अभिनंदन किया। सेवानिवृत्त व सेवारत स्वास्थ्य कार्मिक संघ के अध्यक्ष डॉ. एमएल जैन ने संघ के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. वीके माथुर, निदेशक एड्स डॉ. चौहान सहित सेवारत व सेवानिवृत्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

एक नज़र

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 मरीजों ने लिया लाभ

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। शैल्बी हॉस्पिटल एवं साकेत कॉलोनी विकास समिति, मुरलीपुरा की ओर से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने हार्ट, हड्डी रोग, पेट की हड्डी रोग, जोड़ प्रत्यारोपण आदि के बारे में परामर्श लिया और जरूरी जांचें मुफ्त कराईं।

मुरलीपुरा स्थित साकेत कॉलोनी के विश्वामित्र मार्ग में रविवार 11 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से आयोजित इस शिविर में शैल्बी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने मुफ्त परामर्श दिया। डॉ. अमित गुप्ता ने बताया कि शिविर में मरीजों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, हड्डियों में कैल्शियम की जांच आदि मुफ्त की गई। शिविर में 200 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। इस मौके पर शैल्बी हॉस्पिटल के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अमित गुप्ता ने हार्ट अटैक के खतरे और इससे बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवनशैली में बदलाव करके और नियमित व्यायाम व पौष्टिक खानपान से हार्ट संबंधी रोगों से बचा जा सकता है। हड्डी रोग व ज्वॉइंट्स रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि कोहनी, टखनों, घुटने आदि में चोट, सूजन, दर्द को हल्के में न लें, ध्यान नहीं देने पर यह खतरनाक साबित हो सकते है और सर्जरी की नौबत आ जाती है। साकेत कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध अग्रवाल ने बताया कि शिविर में डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा सहित डॉ. दीपक सैनी, डॉ. आईडी अग्रवाल आदि ने मरीजों को चिकित्सा परामर्श दिया।

दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

उदय अक्षय स्माइल्स डेंटल क्लिनिक की ओर से भी रविवार को मुरलीपुरा में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। सीनियर डेंटिस्ट डॉ. उदय अग्रवाल ने मरीजों के दांतों की मुफ्त जांच और परामर्श दिया। उन्होंने खानपान और जीवनशैली में बदलाव करके दांतों को बीमारियों से बचाव की जानकारी भी दी। शिविर में 100 से ज्यादा रोगियों ने लाभ उठाया।

फरवरी के लिए 13,260 के.एल. केरोसीन का आवंटन

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। प्रदेश के कुल 33 जिलों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत फरवरी माह के लिए कुल 13,260 के.एल. केरोसीन का आवंटन किया गया है। इसके तहत बिना घरेलू गैस कनेक्शन राशनकार्डधारी उपभोक्ता को प्रति राशनकार्ड 2.50 लीटर केरोसीन का वितरण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की शासन सचिव मुग्धा सिन्हा ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए सभी जिला रसद अधिकारियों को यह निर्देशित किया है कि संबंधित जिले के रसद अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिले को आवंटित केरोसीन तेल की सम्पूर्ण मात्रा का उठाव उनकी तरफ से कर लिया गया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र उपभोक्ताओं को प्रति राशनकार्ड बराबर मात्रा में केरोसीन प्राप्त हो। शासन सचिव ने निर्देश में बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिलों को आवंटित हुए केरोसीन में से औद्योगिक इकाईयों को कोई आवंटन नहीं दिया जाए और साथ ही व्यापक प्रचार प्रसार करके यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नीले केरोसीन का उपयोग खाना पकाने व प्रकाश व्यवस्था के अलावा अन्य कार्यों में नहीं लिया जाए और यदि नीले केरोसीन का दुरुपयोग करते हुए कोई पकड़ा जाए तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रदेश के कुल 33 जिलों को आवंटित केरोसीन के तहत अजमेर को 348 के.एल. केरोसीन, अलवर को 744, बांसवाड़ा को 636, बारां को 276, बाड़मेर को 600, भरतपुर को 624, भीलवाड़ा को 552, बीकानेर 408, बूंदी 214, चित्तौड़गढ़ को 300, चूरू को 444, दौसा को 288, धौलपुर को 324, डूंगरपुर को 408, श्रीगंगानगर को 324, हनुमानगढ़ को 348, जयपुर को 660, जैसलमेर को 156, जालोर को 384, झालावाड़ को 432, झुंझुनूं को 288, जोधपुर को 348, करौली को 276, कोटा को 252, नागौर को 720, पाली को 360, प्रतापगढ़ को 252, राजसमंद को 312, सवाईमाधोपुर को 336, सीकर को 420, सिरोही को 252, टोंक को 396 एवं उदयपुर को 576 के.एल. केरोसीन का आवंटन किया गया है।

भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं का सक्रियता से कार्य करने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर की बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय पर हुई। शहर भाजपा के महामंत्री नरेश शर्मा ने बताया कि रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अरुण चतुर्वेदी ने पं. दीनदयाल के जीवन पर प्रकाश डाला।

बैठक में आगामी 2 माह के संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं अन्य संगठनात्मक विषयों पर पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष राज्य में चुनावी वर्ष है। इसके लिए संगठन में कार्य करने वाले हर कार्यकर्ता को पूरी सक्रियता से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने संगठन को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए प्रभारी योजना को बूथ तक बढ़ाकर उसे प्रभावी ढंग से लागू करने को कहा।

राउंड टेबल कांफ्रेंस और मीडिया कार्यशाला सम्पन्न

मीडिया स्टूडेंट्स ने रखे न्यू मीडिया पर विचार, सायबर अपराध को बताया चुनौती

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। डायमंड मीडिया फाउंडेशन की ओर से मीडिया अध्ययन संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए राउंड टेबल कांफ्रेंस और पत्रकारिता कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्थान सिंधी अकादमी की सहभागिता से आयोजित पत्रकारिता कार्यशाला में मीडिया अध्ययन संस्थानों के स्टूडेंट्स ने भागीदारी की। राजस्थान सिंधी अकादमी की निदेशिका डॉ. अनीता नायर ने बताया कि कार्यक्रम का मकसद हिंदी भाषा के प्रसार और मीडिया में जारी चकाचौंध पर फोकस करना रहा। साथ ही नवोदित पत्रकारों में लेखन भाव विकसित करना भी कार्यशाला की प्राथमिकता रही।

राउंड टेबल कांफ्रेंस में प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया की सार्थकता, ऐतिहासिक फिल्में एवं विवाद और टीवी डिबेट्स की सार्थकता पर अपना मत रखा। तीन जजों के पैनल ने प्रतिभागी छात्रअपूर्वा माहेश्वरी को इसमें विजेता घोषित किया। पत्रकारितासंस्थानों में अध्ययन कर रहे सचिन शर्मा और अंजली शर्मा तीसरे पायदान पर रहीं। विद्यार्थियों को क्रमश: 2100 और 1100 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस राशि का उपयोग स्टूडेंट्स अपने अध्ययन से जुड़े शोध कार्यों में कर सकेंगे।

पत्रकारिता कार्यशाला के दूसरे सत्र में सायबर विशेषज्ञ मुकेश चौधरी ने केस स्टडी के पेश की। इन्होंने बताया कि नया दौर तकनीकी प्रधान दौर है। ऐसे में अपराध भी आधुनिक तरीके से हो रहे है। स्मार्ट फोन प्रत्येक की जरूरत है इसी से सायबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। लोगों की निजता प्रभावित हो रही है। अपने बैंक खातों की जानकारी मांगकर आर्थिक अपराध घटित किए जा रहे है। ऐसे में सावधानी जरूरी है। अपनी निजी जानकारियां फोन, ईमेल और अन्य माध्यमों पर कभी भी साझा नहीं करें। साथ ही इनका कहना था कि इंटरनेट का उपयोग भी जानकारी के लिए करें। इंटरनेट पर प्रलोभन से जुड़ी जानकारियों से दूरी बनाकर रखें। उन्होंने इस दौरान सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट और फेक न्यूज से सम्बन्धित कानूनी प्रावधानों से भी अवगत कराया।

गुलाब की खुशबू से महक उठा जयपुर का गांधीनगर क्लब

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। गुलाबी नगरी का गांधीनगर क्लब रविवार को तरह-तरह के गुलाबों की खुशबू से महक उठा। हर तरफ विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूल नजर आ रहे थे। यह सब कुछ नजारा आ रहा था द रोज सोसायटी ऑफ राजस्थान की ओर से रविवार को गांधी नगर क्लब में लगाई गई 45वीं अखिल राजस्थान गुलाब प्रदर्शनी में।

रोज सोसायटी के अध्यक्ष रामगोपाल ने बताया कि गुलाब प्रदर्शनी में विभिन्न किस्मों के गुलाबों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी देखने के लिए सुबह से ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व प्रदर्शनी के लिए विभिन्न किस्मों के गुलाबों की [illegible] ली गई थी। इस दौरान गुलाब विषय पर जयपुर शहर के विभिन्न स्कूलों की ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता भी हुई। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

फर्जी बैंक अधिकारी बन खाते को आधार से जोड़ने का झांसा, 4 लाख रुपए उड़ाए

जयपुर। मालवीय नगर थाना इलाके में बदमाशों ने बैंक अधिकारी बनकर एक व्यक्ति को फोन किया और खाते की जानकारी लेकर 4.10 लाख रुपए निकाल लिये। इस संबंध में शनिवार को पीड़ित मॉडल टाउन निवासी जगदीश कुमार ने रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया कि मोबाइल पर खाते से रुपए निकालने का मैसेज आने पर ठगी का पता चला। ठग ने बैंक कर्मचारी बनकर फोन किया और बैंक खाते को आधार कार्ड से जोड़ने का झांसा देकर खाते की जानकारी मांगी। इसके बाद खाता नंबर, एटीएम कार्ड नंबर सहित अन्य जानकारी ले ली। और तीन खातों से रुपए निकाल लिए।

हैण्डलूम के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए सरकार कृत संकल्पितः राजीव स्वरूप

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव स्वरूप ने कहा है कि नेशनल हैण्डलूम एक्सपो के माध्यम से देश भर के परम्परागत हैण्डलूम कार्यों के संवर्द्धन और संरक्षण में योगदान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश की गौरवशाली हैण्डलूम परम्परा को आगे बढ़ाने और जनसाधारण को एक्सपो के माध्यम से रूबरू कराने का अवसर मिला है।

एसीएस राजीव स्वरूप, माटी कला बोर्ड के चेयरमैन हरीश कुमावत, आयुक्त उद्योग ने दीप प्रज्वलन, गणेश प्रतिमा को माल्यार्पण और फीता काट कर एक्सपो का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि हैण्डलूम बुनकरों के आय का प्रमुख जरिया होने के साथ ही देश में हैण्डलूम की गौरवशाली परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि परिधानों के क्षेत्र में बदलती रंग डिजाइनों के दौर में आज भी हैण्डलूम उत्पादों के रंग संयोजन और डिजाइन बेजोड़ है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य में हैण्डलूम उत्पादों के प्रोत्साहन और बुनकरों को बाजार, तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, बदलते फैशन के अनुकूल डिजाइन करने और बाजार उपलब्ध कराने में सरकार दृढ़संकल्पित व मेलों प्रदर्शनियों के माध्यम से बिक्री के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे है।

आयुक्त उद्योग कुंजीलाल मीणा ने बताया कि केन्द्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से उद्योग विभाग के उपक्रम प्रोत्साहन संस्थान द्वारा नेशनल एक्सपो का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि एक्सपो में राजस्थान सहित लगभग 10 राज्य हिस्सा ले रहे हैं।

मीणा ने बताया कि एक्सपो में देश के प्रमुख हैण्डलूम साड़ियां बनारसी, पटोला, सिल्क, कोटा डोरिया, ड्रेस मेटेरियल, दरी, कुशन, कारपेट पट्टे आदि एक ही स्थान पर उपलब्ध है।

माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष हरीश कुमावत, एसीएस राजीव स्वरूप, आयुक्त कुंजीलाल मीणा ने अधिकारियों के साथ एक्सपो के सभी पेवेलियनों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों से उनके उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। आरंभ में एमडी [illegible] पीके जैन, अतिरिक्त निदेशक डीपी गुप्ता, संयुक्त निदेशकों में संजीव सक्सेना, एसएस शाह, विष्णु लाल वर्मा, पीआर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। एक्सपो 25 फरवरी तक चलेगा।

रीट के सफलता पूर्वक आयोजन पर शिक्षा मंत्री ने दी बधाई

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) के सफलता से सम्पन्न होने पर शिक्षा राज्य मंत्री वासुदेव देवनानी ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राज्य की जिला परीक्षा संचालन समितियों, वीक्षकों और जिला प्रशासन अधिकारियों, शिक्षकों का आभार जताया है। देवनानी ने परीक्षा में बैठे अभ्यर्थियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा राज्य के 2253 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा में नकल रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए थे। परीक्षा कक्षों पर वीडियोग्राफी कैमरों से मॉनिटरिंग, परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी, जैमर, बायोमेट्रिक सहित अन्य कड़े इंतजाम किए गए थे। शिक्षा राज्य मंत्री देवनानी ने कहा है कि परीक्षा के बाद अब तृतीय श्रेणी शिक्षकों के 35 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
[illegible] www.ireps.gov.in [illegible]
178-AL/18
[illegible]

खुलासा...

किसानों ने सीखे हर्बल आयुर्वेदिक औषधीय खेती के गुर

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। हर्बल आयुर्वेदिक औषधीय पादपों की अत्याधुनिक तरीके से खेती करने के लिए पिंजरापोल गौशाला स्थित महर्षि चरक जैविक वन औषधीय पादप पार्क में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। हैनीमैन चेरिटेबल मिशन सोसायटी व इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी ऑफ ऑर्गेनिक फार्म एण्ड फूड प्रोसेस रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में देश के करीब दस राज्यों के युवा किसानों ने हिस्सा लिया। इन युवा किसानों ने एलोवेरा, स्टीविया (मिट्ठी तुलसी), लेमन ग्रास, सफेद मूसली, तुलसी, जेट्रोफा की अत्याधुनिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। डॉ. अतुल गुप्ता ने देश के किसानों को आर्थिक आजादी दिलाने व व्यावसायिक दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए हर्बल आयुर्वेदिक औषधीय खेती के बारे में बताया। उन्होंने हरियाणा, उत्तरप्रदेश, पंजाब, मध्यप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश के 40 से अधिक युवा किसानों को आयुर्वेदिक औषधीय खेती के लिए बैंकों की ओर से देय ऋण योजनाओं के बारे में भी बताया।

संगीता गौड़ ने बताया कि पिंजरापोल गौशाला परिसर में स्थित महर्षि चरक पार्क में देशभर के किसानों को अत्याधुनिक खेती का गहन प्रशिक्षण देने के लिए हर माह शिविर आयोजित किया जाता है। इसमें न केवल उन्हें औषधीय खेती की तकनीक के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है बल्कि फसल की खरीद के लिए भी अनुबंध किया जाता है।

इस शिविर में आईआईटी, बी-टेक व स्नातकोत्तर तक की शिक्षा प्राप्त कर चुके भोपाल निवासी सुधांशु शर्मा, इलाहाबाद निवासी [illegible] कुमार शुक्ला व दिल्ली निवासी युवा किसान नीरज त्यागी ने एलोवेरा सहित अन्य औषधीय फसलों की बुवाई करने का संकल्प लिया। इस दौरान इन किसानों को आंवला मुरब्बा, मिक्स फ्रूट जैम, अचार बनाने की विधि भी बताई गई। साथ ही विभिन्न बैंकों द्वारा किसानों को ऋण प्रदान करने संबंधी योजनाओं व सब्सिडी के बारे में बताया गया।

NUTECH GLOBAL LIMITED
Regd. Office : Mukhija Chambers, 5, Saraswati Marg, Opp. Lane Raymonds, M.I. Road, Jaipur-302001
Email: info@nutechglobal.com, Website: www.nutechglobal.com,
CIN: [illegible], Tel.: [illegible]
EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2017

Sl. No.	Particulars	Unaudited			Audited
		Quarter Ended		Nine Months Ended	Year Ended
		31.12.2017	31.12.2016	31.12.2017	31.03.2017
1.	Total income from operations (net)	711.88	730.12	2177.84	[illegible]
2.	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	2.61	3.38	7.61	[illegible]
3.	Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2.61	3.38	7.61	[illegible]
4.	Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	1.94	2.38	5.60	[illegible]
5.	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))	1.94	2.38	5.60	[illegible]
6.	Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each)	320.37	320.37	320.37	320.37
7.	Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year	-	-	-	381.40
8.	Earning Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- 1. Basic 2. Diluted	0.06	0.08	0.17	0.22

Note : - [illegible]
By the order of the Board
Mayank Jagga
Additional Director
Date : February 10, 2018
Place : Bhilwara